ऑल इंडिया मेयर्स कॉन्फ्रेंस का वर्चुअल माध्यम से आयोजन

चर्चा में क्यों?

17 दिसंबर, 2021 को उत्तर प्रदेश के जनपद वाराणसी में ऑल इंडिया मेयर्स कॉन्प्रेंस का वर्चुअल माध्यम से आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसका शुभारंभ किया। यह ऑल इंडिया मेयर्स कॉन्फ्रेंस की पहली बैठक थी।

प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री ने कहा कि ऑल इंडिया मेयर्स कॉन्फ्रेंस नगरीय क्षेत्रों के विकास को आगे बढ़ाने की एक सुनिश्चित योजना का हिस्सा है। देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए लगभग 120 महापौर व्यवस्थित विकास के इस मॉडल को समझकर और अपने अनुभवों को इस कॉन्फ्रेंस में साझा करते हुए विकास के सस्टेनेबल मॉडल को आगे बढ़ाने में अपना योगदान दे सकते हैं।
- प्रधानमंत्री ने कहा कि शहर अर्थव्यवस्था की प्रेरक शक्ति हैं। शहरों को वाइब्रेंट इकोनॉमी का हब बनाना चाहिये। एक समग्र प्रणाली विकसित की जानी चाहिए, जहाँ एक पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिये सभी सुविधाएँ एक साथ विकसित हों तथा जो आर्थिक गतिविधियों को आमंत्रित करने के साथ ही उन्हें बढ़ावा भी दें।
- प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश की 'एक जनपद एक उत्पाद' स्वरोज़गार को विकसित करने की एक महत्त्वपूर्ण योजना है। इस योजना द्वारा ज़िले की परंपरागत कला, हस्तशिल्प, उद्यम कला को विशिष्ट पहचान और उसे उद्यम गतिविधियों से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है।
- उन्होंने महापौरों से कहा कि वे अपने शहर के किसी विशिष्ट उत्पाद अथवा स्थान की विशिष्ट पहचान को विकसित करें। उन्होंने महापौरों से अपने शहर में रेहड़ी-पटरी दुकानदारों की एक सूची बनाने और उनको योजनाओं से जोड़ने तथा डिजिटिल लेन-देन एवं वित्तीय साक्षरता प्रदान करने के निर्देश दिये।
- प्रधानमंत्री ने महापौरों से कहा कि 'सुगम्य भारत अभियान-सुलभ भारत अभियान' के तहत शहरों में दिव्यांगों के अनुकूल सुविधाओं को विकसित किया जाए।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/all-india-mayors-conference-organized-through-virtual-medium